राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः–प-29(21)RSSB/ResultCell/शीघ्रलिपिक/परिणाम/2025/ दिनांक :यथा–हस्ताक्षरित

शीघ्रलिपिक/निजी सहायक ग्रेड–।। संयुक्त सीधी भर्ती–2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का परिणाम

राजस्थान सचिवालय मंत्रालयिक सेवा नियम–1970, राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा नियम–1999 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं अन्य सेवा शर्तें) नियम–2014 के अन्तर्गत क्रमशः शासन सचिवालय एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के माध्यम से राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों/कार्यालयों के लिए शीघ्रलिपिक/निजी सहायक ग्रेड–।। संयुक्त सीधी भर्ती–2024 के अन्तर्गत गैर अनुसूचित क्षेत्र के 444 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 26 कुल 470 पदों के लिए क्रमांक प-29(21)RSSB /ResultCell /शीघ्रलिपिक/परिणाम/2025/ दिनांक 25.09.2025 द्वारा जारी वरीयतानुसार परिणाम को एस बी सिविल रिट याचिका संख्या 16386/2025 में माननीय राजस्थान के निर्णय दिनांक 18.03.2026 द्वारा अपास्त किये जाने के फलस्वरूप माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्णय दिनांक 18.03.2026 की पालना में राजस्थान सचिवालय मंत्रालयिक सेवा नियम–1970 के नियम 22 के परन्तुक (ii)(c) एवं विज्ञप्ति के बिन्दु संख्या 22 के स्पष्टीकरण 06(iii) के प्रावधान अनुसार निर्धारित पात्रता पूर्ण करने वाले गैर अनुसूचित क्षेत्र में 645 एवं अनुसूचित क्षेत्र में 02 अभ्यर्थियो को पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध किया जाता है। सूचीबद्ध किये जाने वाले अभ्यर्थियों का विस्तृत विवरण परिशिष्ट 01 एवं 02 पर संलग्न है।

नोट:-

1. किसी भी अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में गलत सूचना प्रस्तुत करने व परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग/उपभोग करने की जानकारी मिलने पर किसी भी समय उक्तानुसार जारी परिणाम से बाहर किया जा सकेगा।
2. शीघ्रलिपिक/निजी सहायक ग्रेड–**II** संयुक्त सीधी भर्ती 2024 के अन्तर्गत पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांक 24.10.2025 से 30.10.2025 तक ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फार्म (**Scrutiny Form**) भरने हेतु ऑनलाईन पोर्टल खोला गया था। उक्तानुसार नवीन परिणाम जारी किये जाने पर ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फार्म (**Scrutiny Form**) भरने हेतु पोर्टल दिनांक 21.05.2026 से दिनांक 27.05.2026 तक खुला रहेगा। पूर्व में ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फार्म (**Scrutiny Form**) भरने वाले अभ्यर्थियों को पुनः ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फार्म (**Scrutiny Form**) भरने की आवश्यकता नही है।
3. उक्त भर्ती का अंतिम परीक्षा परिणाम एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 4760/2024, 1535/2025, 2686/2025 एवं 9225/2025 के अध्यधीन रहेगा।
4. नवीन व अद्यतन जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rssb.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें।

संलग्नः **Annexure**–1 से **Annexure**–2

सचिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Preeti Mathur
Designation : Secretary
Date: 2026.05.15 17:22:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
22257430

क्रमांकः—प-29(21)RSSB/ResultCell/शीघ्रलिपिक / परिणाम / 2025 / दिनांक :यथा—हस्ताक्षरित

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. निजी सचिव, माननीय अध्यक्ष महोदय, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
2. निजी सहा., माननीय समस्त सदस्य महोदय, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
3. निजी सहा., सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
4. निजी सहा., उपसचिव (परीक्षा / कार्मिक), राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
5. वरिष्ठ लेखाधिकारी, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
6. सलाहकार (परीक्षा / विधि / नियम / गोपनीय), राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
7. प्रभारी अधिकारी, आई.टी.सैल, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करावें।
8. भर्ती प्रभारी को लेख है कि संबंधित विभाग से समन्वय करते हुए सूचीबद्व अभ्यर्थियों के आगे की कार्यवाही संपादित करे।
9. रक्षित पत्रावली।

सचिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Preeti Mathur
Designation : Secretary
Date: 2026.05.15 17:22:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22257430